## संक्षिप्त

### हर्षादित्य का राज्य तैराकी में पदक



उदयपुर,(कासं)। दिल्ली पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में आयोजित 65 वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में 14 वर्षीय राउमावि वरडा के छात्र हर्षादित्य ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक तैराकी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। शारीरिक शिक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि हर्ष ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जयपुर के तैराकों से कांटे की टक्कर में यह उपलब्धि हासिल की। हर्ष ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण, 2 रजत पदक हासिल किये। इस पर वरडा सरपंच दूल्हे सिंह व उप सरपंच निर्भय सिंह ने विजेता को बधाई दी।

### 'एल्यूमिनी मिट' का ऑनलाइन आयोजन

उदयपुर,(कासं)। पेसिफिक विवि के पेसिफिक होटल प्रबंधन संस्थान में एक दिवसीय "एल्यूमिनी मिट" का आयोजन ऑनलाइन किया गया। संस्थान निदेशक विनोद कुमार सिंह भदौरिया ने बताया कि इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य संस्थान द्वारा विद्या प्राप्त विद्यार्थी जो आज एक मुकाम प्राप्त कर सफलता अर्जित कर रहे है उनके अनुभव नवआंगुतक विद्यार्थियो से साझा करवाना है कि किस तरह स्व अनुशासन, गूर्मिंग, समय की पाबंदी द्वारा उन्होने सफलता प्राप्त करी जो कि विद्यार्जन के समय अत्यंत आवश्यक है। इस "एल्यूमिनी मिट" में संस्थान द्वारा विद्या प्राप्त करे हुए विद्यार्थी विशाल शुक्ला, सिमरन सिधवानी, रविराज सिंह सिकरवार, चिराग परमार जो कि आज विभिन्न ख्यात नाम होटल्स के साथ ही अपने स्वंय के व्यवसाय द्वारा जुडे है उन्होने ने अपने अनुभव विद्यार्थियो द्वारा साझा किए।

### महिला ने पेड़ पर फांसी लगाई

उदयपुर,(कासं)। कुराबड़ थानाक्षैत्र में विवाहिता ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। कुराबड़ थाना क्षैत्र इदर फला फिला कुराबड़ निवासी कविता (28) पत्नी शंकरलाल ने अपने मकान के पास स्थित नीम के पेड पर फांसी लगा अत्महत्या कर ली। 29 नवंबर के कवित व शंकर दोनों मजदूरी कर वापस घर लौटे थे। रात में खाना खाने के बाद दोनों सो गए। रात में कमरा बंद कर उसने पेड़ पर फांसी लगा ली। दूसरे दिन परजिनों ने कविता के पेड़ पर लटका होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतका के पीहर आलू खेड़ा से परिजनों को बुलवा कर मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। शंकर दस माह पूर्व ही कविता को नाते पर लेकर आया था।

### लापता युवक का मिला शव

उदयपुर,(कासं)। मजदूरी करने निकले युवक का शव नाले में मिला। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सलूम्बर कस्बे में बनोड़ा पाया तालाब रोड़ पुलिया से निचे नाले में बनेड़ा हर निवासी प्रकाश पुत्र मोहन वेद का शव मिला। प्रकाश गांव गांव जाकर बाल काटने व दाड़ी बनाने का काम करता था। तीन दिन पूर्व वह अपने घर से निकला था वापस नहीं लौटा। मंगलवार को उसका शव नाले में मिला। सूचना मिलने पर एएसआई पुजीलाल ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

### 'पंचायत राज विभाग के आदेश से ही कार्यमुक्त होंगे विकास अधिकारी'

उदयपुर,(कासं)। गत दिनों बड़गांव पचायत समिति में आयोजित हुई प्रशासन एवं स्थापना समिति एवं ग्रामीण विकास समिति की बैठक बहिष्कार की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी।

उक्त संदर्भ में पंचायत समिति बड़गांव की प्रधान प्रतिभा नागदा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उक्त बैठक अधिकांश सदस्यों के शादी समारोह में चले जाने के कारण स्थगित कर दी गई थी एवं बैठक बहिष्कार की सूचना राजनैतिक भावना से प्रेरित थी। विकास अधिकारी कैदार प्रसाद वैष्णव को मुल विभाग में रिलिव के लिए जयपुर पंचायत राज विभाग से कोई आदेश प्राप्त नहीं हुए है। ऐसे में उन्हें ग्रामीण विकास एवं पचायती राज विभाग जयपुर के आदेश से ही कार्यमुक्त किया जा सकता है।

# राजसमंद में चोरी एवं नकबजनी के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार

- भीम, दिवेर, चारभुजा, देवगढ सहित अन्य जगहों पर कई जगहों पर की चोरियां
- टावरों को लगाने का काम करके मकान लेते किराया और रैकी कर करते थे चोरी



चोरी एवं नकबजी के आरोप में दिवेर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

राजसमंद, (निसं)। जिले के दिवेर थाना क्षेत्र के छापली स्थित एक मकान से गत दिनों सोने-चांदी के जवेर सहित नकदी चोरी करने के मामले में दिवेर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि पुलिस द्वारा चोरी एवं नकबजनी के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी भीम, दिवेर, चारभुजा, देवगढ आदि क्षेत्रों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुके है। दिवेर थानाधिकारी दिलीपसिंह ने बताया कि थानेटा भीम निवासी टीकमसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह रावत, केशपुरा तीतरी भीम निवासी इन्द्रसिंह पुत्र किशनसिंह रावत एवं ज्वैलर्स व्यापारी दिनेश कुमार (पुत्र बाबूलाल सोनी निवासी गोदाजी का गांव भीम हाल बरतू को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कामलीघाट में टावरों को लगाने का कार्य करने का बहना बनाकर मकान किराये पर लेते थे और सुबह से शाम तक गांव-गांव घुमकर सुने पडे मकानों की रैकी कर मकानों का चयन करते थे। इसके बाद रात को मौका पाकर चयनित मकानों के ताले तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। थानाधिकारी ने बताया कि गत 11 नवम्बर को हुक्मसिंह पुत्र नाहरसिंह निवासी छापली नगातों की गुआर ने दिवेर थाने में अज्ञात बदमाशों द्वारा उसके मकान में चोरी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें उसने बताया कि 11 नवम्बर को वो अपने परिवार के साथ उदयपुर गया हुआ था। अलगे दिन सुबह फिर से घर लौटा तो घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ था और बक्सा व अलमारी के ताले टूटे हुए पाए गए जिसमें रखे सोने चांदी के जेवर व नकदी गायब मिली। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन प्रारंभ कर दी। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर टीम का गठन किया गया। टीम ने संभावित जगहों पर दबिश देकर सम्पत्ति से सम्बधित आपराध में चालान शुदा आरोपियों से पूछताछ की गई। वहीं मुखबीरों व ग्राम रक्षों की सहायता से तीनों आरोपियों से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने भीम, देवगढ, दिवेर, चारभुजा आदि क्षेत्रों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है जिसमें और भी कई खुलासा होने की संभावना है।

**इन जगहों पर की चोरियां :** आरोपियों ने थाना दिवेर क्षेत्र के दराडा गांव में चार मकानों से चोरी, दिवेर गांव से एक स्कूटी की चोरी, छापली में सूने पडे मकान का ताला तोड चोरी की। इसी प्रकार देवगढ थाना क्षेत्र में देवगढ कस्बे मे यश बैंक का एटीएम लूटने का प्रयास, पीपली नगर में 2 मकानों में चोरी, कामला गांव 2 मकानों में चोरी, भीम थाना क्षेत्र में तालाब के किनारे स्थित सूने मकान में चोरी, चारभुजा थाना क्षेत्र के जनावद गांव में आमने-सामने स्थित 2 मकानों में से सोना व चांदी के जेवर सहित एलईडी चोरी, लाम्बोडी से एक मोटर साईकिल चोरी एवं अमरतीया में सुने मकान का ताला तोड चोरी की वारदात को अंजाम दिया।



विश्व एड्स दिवस पर गीतांजलि मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसन विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को एड्स से संबंधित जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ मुकुल दीक्षित, डॉ हेमलता मित्तल, डॉ अंजना वर्मा, डॉ मेधा माथुर और इन्टर्नस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज में एड्स से जुड़ी असमानताओं और भ्रांतियों को दूर करने के लिए इन्टर्नस द्वारा नाटिका प्रस्तुत की गई। एड्स फैलने के कारण व रोकथाम पर चर्चा द्वारा छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

## लापता बहनों सहित तीन किशोरिया दस्तियाब

- दस्तियाब कर परिजनों को सौंपा

उदयपुर,(कासं)। कुकावास माण्डवा से छात्रावास जाने के दौरान लापता हुई दो बहनों सहित तीन किशोरीयों को पुलिस ने दस्तियाब कर परिजनों के सौंपा। प्रकरण के अनुसार1 दिसंबर को कुकावास थाना माण्डवा निवासी अजीत कुमार पुत्र लक्ष्मीलाल बुम्बड़ीया ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरी पुत्री उषा कुमारी (13) सावित्रि (15) तथा उसकी सहेली सज्जन कुमारी पुत्री कृष्णकुमार को गोगुन्दा साली हॉस्टल छोड़ने के लिए मेरी बड़ी पुत्री प्रियंका कुमारी तीनों को साथ लेकर 30 नवंबर के घर से निकली थी।

अपरान्ह में प्रियंका तीनों को टोल नाके पर छोड़ कर स्वयं दूसरी बस में बैठ कर उदयपुर चली गई। बच्चियों के हॉस्टल नहीं पहुंचने की सूचना मिलने पर पड़ताल करने के बाद प्रकरण दर्ज करवाया।

इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनन्त कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक गिर्वा ज्योष्ठा मैत्रयी के सुवपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी कमलेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान चला कर तीनों बच्चियों को गोगुन्दा निवासी उसकी सहेलियों के यहां से दस्तियाब किया। पूछताछ में पता चला कि टोल नाके से बस के नहीं मिलने पर देर होने से तीनों अपनी सहेली के वहां चली गई थी। इस पर पुलिस ने परिजनों को बुला कर बच्चीयों को उन्हे सौंप कर राहत की सांस ली।

**आम सूचना**

स्टेट लेवल एन्वायरमेंट इम्पेक्ट एसेसमेंट ऑथोरिटी जयपुर के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC- Raj/Sectt./Project/Cat.1(a) B2 (18323) 2019-20 jaipur Dated 11-9-2021 के द्वारा भरत कुमार आंजना नि. Kesunda त. छोटी सादड़ी जिला प्रतापगढ एम.एल. नं. 27/2018 Ref. No. 201810001354 वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन, क्षेत्रफल 2.5791 हेक्टर निकट ग्राम Khera Kesunda त. छोटीसादड़ी जिला प्रतापगढ Production Capicity 2,10,527 TPA (ROM) खसरा न. 307, 308,309 & 307/833 के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियंस जारी की गई। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.rpcb.nic.in पर देखी जा सकती है। - श्री भरत कुमार आंजना

**आम सूचना**

स्टेट लेवल एन्वायरमेंट इम्पेक्ट एसेसमेंट ऑथोरिटी जयपुर के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC- Raj/Sectt./Project/Cat.1(a) B2 (18978) 2019-20 jaipur Dated 31-8-2021 के द्वारा भरत कुमार आंजना नि. छोटी सादड़ी जिला प्रतापगढ एम.एल. नं. 26/2018 Ref. No. 201810001233 वास्ते खनिज Red Ochre, क्षेत्रफल 2.0184 हेक्टर निकट ग्राम Kesunda त. छोटीसादड़ी जिला प्रतापगढ Production Capicity 1,57,895 TPA (ROM) खसरा न. 366, 367 के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियंस जारी की गई। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर के कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.rpcb.nic.in पर देखी जा सकती है। - श्री भरत कुमार आंजना

# पैसिफिक स्कूल ऑफ लॉ ने फ्रेशर पार्टी आयोजित की



उदयपुर के पेसिफिक विश्वविद्यालय के पेसिफिक स्कूल ऑफ लॉ में नवप्रवेशित विद्यार्थियों की फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थी।

उदयपुर,(कासं)। पेसिफिक विवि के पेसिफिक स्कूल ऑफ लॉ में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन एवं कार्यक्रम समन्वयक जतिन दाधीच एव सह समन्वयक पुलकित गौड के नेतृत्व में सीनियर विद्यर्थियों द्वारा किया गया कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी एव रोमांचित खेलो की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मिस्टर फ्रेशर मीत सोनी एव मिस फ्रेशर हंशिका पंचोली चुनी गई।

कार्यक्रम में कुलपति डॉ. के के दवे, विवि के प्लेसमेंट डायरेक्टर डॉ. शंकर चौधरी, पेसिफिक स्कूल ऑफ लॉ के समन्वयक डॉ. सुभाष शर्मा, प्राचार्या डॉ. पुष्पा मेहडू, एव सभी संकाय सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संसमन्वित डॉ. बिंदु लोढा ने किया।

## मामला दर्ज

उदयपुर,(कासं)। वल्लभनगर थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर अपहरण का मामला दर्ज किया। पीड़ित ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मेरे पुत्र की सगाई कुछ समय पूर्व हुई थी। गत दिनों वह लड़की मेरे घर मेहमान आई थी जो 29 नवंबर रात में बिना बताए घर से चली गई। इस पर उसकी इधरउधर तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## राहत का सबब बन रहा है प्रशासन गावों के संग अभियान

उदयपुर,(कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में ग्रामीणों की समस्याओं के मौके पर ही समाधान और लोक कल्याणकारी योजनाओं व सरकारी योजनाओं का हाथों-हाथ लाभ दिलाने के लिए आयोजित हो रहे प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर राहत का सबब बन रहे हैं।

जिला कलेक्टर चेतन देवडा ने बताया कि गांव-गांव आयोजित हो रहे इन शिविरों में ग्रामीणों की आधारभूत सुविधाओं से जुडी समस्याओं का निदान हो रहा है वहीं लंबित कार्य पूर्ण होने के साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की सौगात मिल रही है।

पडुणा शिविर में राहत की बरसात, रतनी को हाथों-हाथ मिली पेंशन स्वीकृतिः पंचायत समिति गिर्वा की ग्राम पंचायत पडुणा में प्रशासन गावों के संग अभियान शिविर ग्रामीणों के लिए राहत भरा साबित हुआ। शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत लक्ष्मण मीणा को उनकी पुत्री रीना के विवाह पर 41 हजार रुपये का चेक और पालनहार योजनान्तर्गत 10 नये आवेदन करवाये गये। साथ ही शिविर में आयी रतनी जिन्हें जन आधार में उम्र कम होने के कारण अभी तक पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था, का पात्रता के आधार पर जन आधार में संशोधन कर हाथों-हाथ वृद्धावस्था पेंशन से लाभान्वित किया गया। शिविर में पंचायती राज विभाग द्वारा 37 पटटे, 20 को पेंशन प्रदान की जिसमें से 15 वृद्धावस्था 3 विधवा एवं 2 दिव्यांगजन पेंशन, 15 आबादी विस्तार, 21 कृषि भूमि विभाजन एवं 14 सहमति से पैतृक भूमि के लंबित प्रकरणों का निस्तारण व 246 नामान्तरण और 365 राजस्व रिकार्ड की प्रतिलिपियां जारी की गई।

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांकःप्रन्यास-II/2021-22/634 दिनांकः1.12.2021

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुखण्ड संख्या 09, जो योजना सूरजपोल, देहलीगेट उदयपुर में स्थित है जिसका आकार 421 वर्गफीट है। इस भू-खण्ड की प्रार्थीया श्रीमती तारा भण्डारी पत्नी श्री सुनिल निवासी-9 नेहरू बाजार, बापू बाजार उदयपुर ने अपने नाम पर लीज डीड/नामान्तरण करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 23.11.2021 को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पूर्व में उक्त भूखण्ड नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के द्वारा दिनांक 20.11.1964 को उपविभाजन किया गया। वर्तमान में उक्त भूखण्ड श्री औंकार लाल पिता श्री चान्दमल भण्डारी के नाम आलेख में दर्ज है।

प्रार्थीया ने उक्त भूखण्ड स्व:घोषणा पत्र, पहचान पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रजि.वसीयत के दस्तावेज के आधार पर अपने नाम पर लीज डीड/ नामान्तरण चाहा जा रहा है।

अतः समस्त आम खास को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड प्रार्थीया के नाम करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर इस कार्यालय में लिखित में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ प्रन्यास शाखा में प्रस्तुत करें, बाद समाप्त अवधि लीज डीड/ नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। सूचित रहें।

आयुक्त-नगर निगम, उदयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत, उदयपुर**

( RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001 )

क्रमांकः-उप.आ.आ./वृत्त-उदय/2021-22/735 दिनांक:-30.11.2021

प्रशासन शहरो के संग अभियान-2021

**जाहिर आम सूचना**

आवास संख्या A-216, EWS दक्षिण विस्तार योजना बलीचा, उदयपुर का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती रेणु मैसी पत्नी श्री सुनील मैसी को आवंटन पत्र क्रमांक-1801 दिनांक-16.02.2011 को विशिष्ट पंजीकरण योजना-2009 के अन्तर्गत आंवटित किया गया था। आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 25.04.2012 को दिया गया। आवास का अदेय प्रमाण -पत्र क्रमांक 420 दिनांक 15.06.2012 को श्रीमती रेणु मैसी पत्नी श्री सुनील मैसी के पक्ष में जारी किया गया। प्रथम रजिस्ट्री दिनांक-29.10.2012 को श्रीमती रेणु मैसी पत्नी श्री सुनील मैसी के पक्ष में निष्पादित करवायी गयी।

पंजीयन उपरांत श्रीमती रेणु मैसी पत्नी श्री सुनील मैसी द्वारा आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 29.10.2012 को श्री गौरव गैरा पुत्र श्री विजय गैरा को किया गया। तत्पश्चात श्री गौरव गैरा पुत्र श्री विजय गैरा द्वारा दिनांक 16.03.2015 को आवास का मुख्तियारनामा आम श्री रमेश चन्द्र गुप्ता पुत्र श्री रामजी लाल गुप्ता को नियुक्त किया गया। श्री रमेश चन्द्र गुप्ता पुत्र श्री रामजी लाल गुप्ता ने उक्त आवास को मुख्तियारनामा आम धारक की हैसियत से दिनांक 22.07.2015 को आवास का बेचान श्रीमती नेत्रवत्ती सारस्वत पत्नी श्री गेंदालाल सारस्वत को किया गया। इसके पश्चात श्रीमती नेत्रवती सारस्वत पत्नी श्री गेंदालाल सारस्वत द्वारा पुन: आवास का बेचान दिनांक 22.03.2021 को श्री ललित सिंह पुत्र श्री फतह सिंह चौहान को किया गया। श्री ललित सिंह पुत्र श्री फतह सिंह चौहान द्वारा पंजीयक दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए उक्त आवास अपने नाम करने हेतु आवेदन किया हे।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या A-216 ,दक्षिण विस्तार योजना, बलीचा, उदयपुर अंतिम क्रेता श्री ललित सिंह पुत्र श्री फतह सिंह के नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर आवास की नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

उप आवासन आयुक्त,
राजस्थान आवासन मण्डल, उदयपुर वृत, उदयपुर

# कोरोना के बढ़ते मामले देख कलेक्टर ने किया अलर्ट, हर दिन देनी होगी रिपोर्ट

- जिले में जनजागरण अभियान फिर से

उदयपुर,(कासं)। जिले में कोविड-19 सक्रमण केसों में निरंतर वृद्धि के वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए जिला कलेक्टर चेतन देवडा ने पूर्व में गठित संयुक्त प्रवर्तन दलों (जॉइंट एनफोर्समेंट टीम-जेट) को एक बार फिर से अलर्ट कर दिया है।

कलेक्टर देवडा ने अप्रेल में कोविड संक्रमण नियंत्रण के लिए उदयपुर शहर के लिए वार्ड वाइज 20 संयुक्त प्रवर्तन दल एवं जिले की चार नगरपालिकाओं के लिए चार संयुक्त प्रवर्तन दल, तथा 12 उपखण्ड स्तर पर संयुक्त प्रवर्तन दल गठित किए थे। संयुक्त प्रवर्तन दलों ने घर-घर जाकर कोविड रोकथाम और संक्रमण को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई थी। अब एक बार फिर से केसों की बढती संख्या को देखते हुए जिला कलक्टर ने संयुक्त प्रवर्तन दलों को अलर्ट किया है।

संयुक्त प्रवर्तन दलों में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, नगर निगम, यूआइटी व नगरपालिकाओं के अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार तथा खंड विकास अधिकारियों को शामिल किया गया है।

**ये टास्क सौंपा :** कलेक्टर देवडा ने संयुक्त प्रवर्तन दलों को राज्य सरकार के नवीनतम आदेशों और गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही जिले में विशेष प्रयास कर टीकाकरण की संख्या को प्रतिदिन बढाने तथा फेस मास्क, सामाजिक दूरी आदि की सख्त अनुपालना सुनिश्चित करते हुए जन जागरण अभियान चलाने का काम सौंपा है। संयुक्त प्रवर्तन दलों के काम की कलक्टर खुद डेली बेसिस पर मॉनीटरिंग करेंगे। दलों को हर दिन की प्रगति रिपोर्ट जिला कलक्टर को सौंपनी होगी।

**एंटी-कोविड टीम करेगी सहयोग :** संयुक्त प्रवर्तन दलों के सहयोग के लिए जिले भर में एंटी-कोविड टीम का गठन किया गया है। इसमें जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निकाय के अधिकारी-कर्मचारी हैं। उदयपुर शहर के लिए 50 व उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र के लिए 20 एंटी-कोविड टीम बनाई गई है। नगरपालिका क्षेत्र फतहनगर-सनवाड में 16, सलूम्बर में 13, भीण्डर में 5, कानोड में 4 एवं पंचायत पंचायत स्तर पर 652 विशेष दल गठित किए गए हैं। एंटी-कोविड टीम जिले भर में टीकाकरण को प्रतिदिन बढाने और जन-जागरण में सहयोग करेंगे। एंटी कोविड टीम हर दिन कार्यवाही की रिपोर्ट अपने क्षेत्र के संयुक्त प्रवर्तन दल को सौंपेगी।

## कृषि पर्यवेक्षक ने आत्महत्या की

उदयपुर,(कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में कृषि पर्यवेक्षक ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मंगलवार को चंदजी की खेड़ी बिजोलिया भीलवाड़ा हॉल प्रतापनगर थानाक्षैत्र बोहरा गणेश निवासी टीना धाकड़ (23) पुत्री राधेश्याम धाकड़ ने विषाक्त वस्तु सेवन कर आत्महत्या कर ली। टीना बड़गांव में कृषि पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत होकर वर्तमान में कृषि महविालय में काम कर रही थी। मंगलवार दोपहर में उसने अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया था। जिसकी तबीयत खराब होने पर मकान मालकिन ने उसे चिकित्सालय पहुंचाया था। जिसकी उपचार के दौरन मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकंस्टेबल दिनेशसिंह ने परिजनों के सूचना दी। इस पर बुधवार को परिजनों के आने पर पुलिस ने मृतका क पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दूरभाषसं.0294-2421255,2420013,
Helpline no-0294-2426262,
वेबसाइट- www.mcudaipur.org.com

क्रमांकः-69-क/2021-22/508 दिनांक:-30-11-21

**आम-सूचना**

श्री रविन्द्र पाल सिंह पिता स्व.श्री सुजान सिंह निवासी 27, मेवाड़ मोटर की गली उदयपुर नीचे वर्णित भूमि के अपने अधिकार आवासीय/वाणिज्यिक/मिश्रित के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर निगम के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड संख्या | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौडाई सहित क्षैत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| उदयपुर | शहरी | पूर्व-रोड़ पश्चिम-दुकान नं. 30 उत्तर- दुकान नं.28 दक्षिण-दुकान नं.26 | 180 वर्गफीट |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम , 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजुरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह यह नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा की किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ............ के जारी की गई।

( हिम्मत सिंह बारहठ ) आयुक्त, नगर निगम उदयपुर

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दूरभाषसं.0294-2421255,2420013,
Helpline no-0294-2426262,
वेबसाइट- www.mcudaipur.org.com

क्रमांकः-69-क/2021-22/542 दिनांक:-30-11-21

**आम-सूचना**

श्री मुबारिक पति स्व.रज्जाक हेला निवासी हेलो का मोहल्ला कांजी का हाटा गायत्री मार्ग उदयपुर का नीचे वर्णित भूमि के अपने अधिकार आवासीय/वाणिज्यिक/मिश्रित के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर निगम के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड संख्या | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौडाई सहित क्षैत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| उदयपुर | शहरी | पूर्व- हुसैना जी का मकान पश्चिम-मुन्ना हेला उत्तर- आम रास्ता दक्षिण-लुकमान हेला का मकान | 299 वर्गफीट |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम , 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजुरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह यह नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा की किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ............ के जारी की गई।

( हिम्मत सिंह बारहठ ) आयुक्त, नगर निगम उदयपुर

# एड्स बीमारी की प्रति लोगों को जागरूक करना जरूरी : प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत



उदयपुर में जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के कन्या महाविद्यालय में नुक्कड नाटक, पोस्टर मेकिंग व जागरूकता रेली निकाल आमजन को एडस के प्रति जागरूक किया।

उदयपुर,(कासं)। विश्व एड्स दिवस पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के संघटक कन्या महाविद्यालय की छात्राओं की ओर से बुधवार को नुक्कड नाटक, पोस्टर मेकिंग व डबोक क्षेत्र में जागरूकता रेली निकाल आमजन को इसके प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने कहा कि एचआईवी एड्स की पहचान हुए चार दशक से ज्यादा हो गये है डब्ल्यूएचओ के अनुसार इस महामारी से अब तक दुनियाभर मे अब तक लगभग 7.2 करोड से अधिक लोग इस बिमारी से संक्रमित हो चुके है और लगभग 3.5 करोड लोगों की मृत्यु हो चुकी है। उन्होने कहा कि एड्य एक धीमी और जानलेवा बीमारी है। इसका असर श्वेत रक्त कोशिकाओं में संक्रमण के 10 वर्षों के बाद सामने आता है तब तक वह पूरे शरीर में फैल चुका होता है। वैज्ञानिक इस स्तर पर इसके प्रति सावधानी रखना आवश्यक है, साथ ही लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना भी आवश्यक है। लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में भी एड्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में रेणुका, प्रियांसी अहारी - प्रथम, डिम्पल पालीवाल, चारू चौबीसा - द्वितिय, अमीषा पटेल, सोनल पटेल - तृतीय रही। विजयी प्रतिभागियों को आगामी वार्षिक समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अमिया गोस्वामी, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. लीली जैन, डॉ. रचना राठौड, डॉ. पुनीत पण्ड्य, डॉ. रेणु हिंगड, डॉ. सीमा धाबाई, डॉ. रेखा कुमावत, सुभाष बोहरा ने अपने विचार व्यक्त किए।

**कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक: F 7( ) PLAN/LANDUSE/2021/2391-2392 दिनांक: 01/12/2021

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.21 के बिन्दु संख्या 6 के क्रम में पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू-उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेन्ट प्लान/तकनीकी मानदण्ड/योजना के अनुरूप हो तो भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञेय किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या/ ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री दुर्गा सिंह राठौड़ पिता श्री सज्जन सिंह राठौड़ एवं श्री विनोद कुमार पिता श्री भंवर लाल | श्याम नगर भुवाणा योजना | - | 01 ब्लॉक बी | 5623'.0" वर्गफीट | आवासीय | वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग चाहा गया है। |

इस प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्त्ता को प्रस्तुत कर सकते है। उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर